# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## [ भाग—1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर ]

शनिवार, दिनांक 20 दिसम्बर, 1980 ई० ।

विषय-सूची ।


| | | पृष्ठ |
|---|---|---|
| प्रश्नों के लिखित उत्तर : | बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 4(II) के परन्तुक के अन्तर्गत डा० जगन्नाथ मिश्र (मुख्य मंत्री) द्वारा अष्टम बिहार विधान सभा के प्रथम सत्र के 230 अनागत ता० प्रश्नों का सभा मेज पर रखा जाना । | |
| प्रश्नों के मौखिक उत्तर : | | |
| अल्प-सूचित प्रश्नोत्तर संख्या—1 | ... | 1—5 |
| तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या— | 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 25, 39, 40, 61, 67, 88, एवं 100 । ... | 5—36 |

(2) सचिव द्वारा जमीन बेचने के प्रसंग में कोई भी सूचना विश्वविद्यालय को प्राप्त नहीं है। इस प्रसंग में उक्त महाविद्यालय से सही जानकारी प्राप्त करने हेतु कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा निरीक्षण की व्यवस्था की जा रही है।

---

### शेष सड़क का पक्कीकरण

69. श्री सरयू मिश्र—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत फारबिसगंज से खवासपुर तक जानेवाली सड़क की पक्कीकरण के लिए मंजूरी 1972 ई० में दी गई थी परन्तु अभी तक पक्कीकरण तीन मील तक ही हो सका है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार शेष सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है ?

श्री चौधरी मो० सलाहउद्दीन—(1) प्रश्नाधीन पथ के 3 मील अंश की स्वीकृति 1973 ई० में की गई थी जिसका कार्य पूरा हो चुका है।

(2) प्रश्नाधीन पथ के शेष अंश के पक्कीकरण पर 28 लाख रु० व्यय अनुमानित है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में इस पथ के निर्माण हेतु स्वीकृति देना संभव नहीं है।

---

### राशि का आवंटन

71. श्री जर्नादन यादव—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार वर्तमान वित्तीय वर्ष में ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालय भवन निर्माण एवं मरम्मती के कार्यों पर 10 करोड़ रुपये खर्च करने जा रही है ;

(2) यदि खंड—1 का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार पूर्णियां जिलाअन्तर्गत भटगामा प्रखंड के मध्य विद्यालय मंगलवार चरैया कान्या प्र०पाठशाला मंगलवार चरैया अपर प्राईमरी पाठशाला चरैया (पुवारीटोला) सोनापुर